पत्रांक 19/ए 3 –20/2025
बिहार सरकार
उच्च शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अजीत कुमार सिंह,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

पटना, दिनांक -09/02/ 2026

विषय :– भगवती सिंह मेमोरियल कॉलेज, जीगना, गोई चाँद, कैमूर को संबंधन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के पत्रांक **C/354/Estab/2025** दिनांक 11.03.2025 द्वारा भगवती सिंह मेमोरियल कॉलेज, जीगना, गोई चाँद, कैमूर को स्नातक कला एवं विज्ञान संकाय के पास/प्रतिष्ठा स्तर के कतिपय विषयों में शैक्षणिक सत्र 2025–29 एवं 2026–30 के लिये अस्थायी नव संबंधन तथा पत्रांक **C/378/Estab/2025** दिनांक 11.03.2025 द्वारा Department of Library and Information Science में 60 सीटों के निर्धारण के साथ संबंधन प्रदान करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

सम्यक् समीक्षोपरान्त प्रश्नगत महाविद्यालय के प्रस्ताव के साथ विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेख/साक्ष्यों में परिनियमानुसार भूमि एवं भवन के शर्त्तों को पूर्ण नहीं किये जाने के कारण स्नातक कला एवं विज्ञान संकाय के प्रस्तावित विषयों में शैक्षणिक सत्र 2025–29 एवं 2026–30 के लिये अस्थायी संबंधन तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रम अंतर्गत Department of Library and Information Science के सीट निर्धारण सहित पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति प्रदान करने के विश्वविद्यालय प्रस्ताव पर अस्वीकृति संसूचित की जाती है।

2. प्रस्ताव पर माननीय मंत्री महोदय का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0/–

(अजीत कुमार सिंह)

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–19/ए 3–20/2025–218 पटना, दिनांक–09/02/2026

प्रतिलिपिः– उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य, भगवती सिंह मेमोरियल कॉलेज, जीगना, गोई चाँद, कैमूर एवं विभागीय आई0टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Ajit 9/2/26

सरकार के उप सचिव